**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर, 2022





भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के सहयोग से 18 अक्टूबर, 2022 को डीटीयू कैंपस में नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए इरेडा के "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022" के हिस्से के रूप में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

डीटीयू नाटकीय सोसाइटी, प्रतिबिम्ब के छात्रों के एक ग्रुप ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, इरेडा की मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रीमती मनीषा सक्सेना, डीटीयू के रजिस्ट्रार, प्रो. मधुसूदन सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गईं ।



